Understanding Prepubertal Sexuality & Attraction

enfold

Creating
Safe Spaces

Proto-romantic and proto-sexual development in middle childhood : a resource for educators and caregivers

यौवनारंभ से पहले की लैंगिकता और आकर्षण

Creating
Safe Spaces

enfold

मध्य बाल्यावस्था में प्रारंभिक रोमांटिक और प्रारंभिक लैंगिक विकास : शिक्षकों और देखभाल करने वालों के लिए एक संसाधन

1. Understanding Prepubertal Sexuality

Sexual Development Before Puberty

- Humans are sexual beings from birth to death; the capacity to perceive and respond to sexual stimuli develops gradually, much like vision develops over infancy.
- Infants and young children can feel pleasure from touching their genitals : a normal physiological reflex, not a fantasy-driven or intentional act.
- Children do not experience romantic or sexual attraction the way adolescents or adults do : that capacity develops only with pubertal hormonal changes.

Attraction, Curiosity, Affection & Emerging Feelings

- Curiosity about bodies (one's own and others') is typical and healthy : not a sign of precocious sexuality.
- Socio-sexual play (e.g., comparing genitals) is common between ages 3–8 when spontaneous, light-hearted, and between similarly aged peers.
- Affection and early "liking" of a peer can appear well before puberty, laying the ground for the feelings covered next.

SOURCES :

1. Graaf, H., & Rademakers, J. (2006). Sexual development of prepubertal children. *Journal of Psychology & Human Sexuality*, 18(1), 1–21.

2. Davies, S. L., Glaser, D., & Kussoff, R. (2000). Children's sexual play and behavior in pre-school settings. *Child Abuse & Neglect*, 24(10), 1329–1343.

1.यौवनारंभ से पहले की लैंगिकता

यौवनारंभ से पहले लैंगिक विकास

- मनुष्य जन्म से लेकर जीवन के अंत तक लैंगिक प्राणी होते हैं। यौन उत्तेजनाओं को महसूस करने और उन पर प्रतिक्रिया देने की क्षमता धीरे-धीरे विकसित होती है, ठीक उसी तरह जैसे शिशु अवस्था में दृष्टि का विकास धीरे-धीरे होता है।
- शिशु और छोटे बच्चे अपने जननांगों को छूने से सुखद अनुभूति महसूस कर सकते हैं। यह एक सामान्य शारीरिक प्रतिक्रिया है; इसे किसी यौन कल्पना या जानबूझकर किए गए यौन व्यवहार का परिणाम नहीं माना जाना चाहिए।
- बच्चे रोमांटिक या यौन आकर्षण को उसी तरह अनुभव नहीं करते जैसे किशोर या वयस्क करते हैं। इस प्रकार के आकर्षण की क्षमता मुख्य रूप से यौवनारंभ के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलावों के साथ विकसित होती है।

आकर्षण, जिज्ञासा, स्नेह और उभरती भावनाएँ

- अपने और दूसरों के शरीर को लेकर जिज्ञासा (Curiosity) होना सामान्य और स्वस्थ है - यह समय से पहले यौन भावनाओं या व्यवहार (precocious sexuality) का संकेत नहीं है।
- सामाजिक-यौन खेल (Socio-sexual play), जैसे एक-दूसरे के जननांगों की तुलना करना, छूना 3-7 वर्ष की उम्र के बच्चों में सामान्य हो सकता है, जब यह स्वेच्छा से, सहज रूप से और लगभग समान उम्र के बच्चों के बीच हो।
- साथियों के प्रति स्नेह और किसी को शुरुआती तौर पर "पसंद करना" भी यौवन से काफी पहले दिखाई दे सकता है. यह आगे विकसित होने वाली भावनाओं की नींव रखता है।

SOURCES :
1. Graaf, H., & Rademakers, J. (2006). Sexual development of prepubertal children. *Journal of Psychology & Human Sexuality*, 18(1), 1–21.
2. Davies, S. L., Glaser, D., & Kussoff, R. (2000). Children's sexual play and behavior in pre-school settings. *Child Abuse & Neglect*, 24(10), 1329–1343.

1. Understanding Prepubertal Sexuality

Developmental Timeline (Normative Milestones)

0–3 yrs	3–6 yrs	6–9 yrs	9–12 yrs
Self-stimulation; touch & closeness; body curiosity	Socio-sexual play; Doctor-doctor games; modesty & privacy emerge by 5-6 yrs	Special friends; affection with peers	Puberty begins; privacy-seeking; sexual interest in peers

Children's capacity for sensate/physical experience develops far earlier than their cognitive capacity to understand or manage it : full cognitive capacity for reasoning about sexuality doesn't emerge until adolescence. This gap is exactly why age-appropriate, quality sexuality education matters : it has to match a child's cognitive stage, not their physical capacity.

SOURCES :

1. Graaf, H., & Rademakers, J. (2006). *Journal of Psychology & Human Sexuality*, 18(1), 1–21.

2. Enfold Proactive Health Trust. (2025). *Guidelines for Sexuality and Personal Safety Education for Parents/Caregivers of Children Under 8 Years*

3. Martinson, F. M. (1976). Eroticism in Infancy and Childhood. *Journal of Sex Research*, 12(4), 251–262. .

1. यौवनारंभ से पहले की लैंगिकता को समझना

सामान्य विकासात्मक पड़ाव

0–3 yrs

स्वयं को उत्तेजित करना; स्पर्श और शारीरिक नज़दीकी; शरीर को लेकर जिज्ञासा

3–6 yrs

सामाजिक-यौन खेल ; डॉक्टर-डॉक्टर खेल; लाज और निजता की समझ 5-6 वर्ष की उम्र तक विकसित होने लगती है

6–9 yrs

खास दोस्त; साथियों के प्रति स्नेह

9–12 yrs

यौवनारंभ; निजता (प्राइवेसी) की तलाश; साथियों के प्रति यौन रुचि

बच्चों में शारीरिक /संवेदी अनुभवों को महसूस करने की क्षमता उनकी संज्ञानात्मक क्षमता (*cognitive capacity*) से बहुत पहले विकसित हो जाती है। किसी बच्चे में यौन विषयों को समझने, उनके बारे में सोचने और उन्हें संभालने की पूरी संज्ञानात्मक क्षमता किशोरावस्था में विकसित होती है।

इसी अंतर के कारण उम्र के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण यौनिकता शिक्षा (sexuality education) महत्वपूर्ण है। इसे बच्चे की शारीरिक क्षमता के बजाय उसके संज्ञानात्मक विकास के स्तर के अनुरूप होना चाहिए।

SOURCES :

1. Graaf, H., & Rademakers, J. (2006). *Journal of Psychology & Human Sexuality*, 18(1), 1–21.

2. Enfold Proactive Health Trust. (2025). *Guidelines for Sexuality and Personal Safety Education for Parents/Caregivers of Children Under 8 Years.*

3. Martinson, F. M. (1976). Eroticism in Infancy and Childhood. *Journal of Sex Research*, 12(4), 251–262.

1. Understanding Prepubertal Sexuality

- Sexual capacity develops gradually "like vision develops over infancy".
- Genital touch in infants or young children is a physiological reflex, not fantasy-driven.
- Children typically don't experience adult-type romantic or sexual attraction until pubertal hormonal changes begin.
- Socio-sexual play (e.g. comparing, touching genitals) is typical for ages 3–7 when spontaneous, light-hearted, between similarly-aged peers.

SOURCES :

1. Graaf, H., & Rademakers, J. (2006). *Journal of Psychology & Human Sexuality*, 18(1), 1–21.

2. Enfold Proactive Health Trust. (2025). *Guidelines for Sexuality and Personal Safety Education for Parents/Caregivers of Children Under 8 Years.*

3. Martinson, F. M. (1976). Eroticism in Infancy and Childhood. *Journal of Sex Research*, 12(4), 251–262.

यौवनारंभ से पहले की लैंगिकता को समझना

- यौनिकता से जुड़ी क्षमताएँ धीरे-धीरे विकसित होती हैं, जैसे शिशुओं में देखने की क्षमता धीरे-धीरे विकसित होती है।
- शिशुओं और छोटे बच्चों का अपने जननांगों को छूना एक शारीरिक प्रतिक्रिया (physiological reflex) हो सकता है, यह किसी यौन कल्पना पर आधारित नहीं होता।
- बच्चे वयस्कों जैसी रोमांटिक या यौन आकर्षण की भावना अनुभव नहीं करते - इस प्रकार का आकर्षण यौवन (puberty) के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलावों के साथ विकसित हो सकता है।
- सामाजिक-यौन खेल (Socio-sexual play), जैसे जननांगों की तुलना करना, छूना, 3-7 वर्ष की उम्र के बच्चों में सामान्य हो सकता है, जब यह स्वाभाविक और सहज रूप से हो और लगभग समान उम्र के साथियों के बीच हो।

SOURCES :

1. Graaf, H., & Rademakers, J. (2006). *Journal of Psychology & Human Sexuality*, 18(1), 1–21.

2. Enfold Proactive Health Trust. (2025). *Guidelines for Sexuality and Personal Safety Education for Parents/Caregivers of Children Under 8 Years.*

3. Martinson, F. M. (1976). Eroticism in Infancy and Childhood. *Journal of Sex Research*, 12(4), 251–262.

2. Proto-romantic Feelings

Ordinary Friend	vs	"Special" Friend
Plays/talks together; no special label used		Named/labelled; emotional significance

Case Example

In classroom research on children's peer relationships, one girl described a male classmate she regularly talked with, but was careful to clarify he was just a friend and not a boyfriend. At the same time, she recognised that classmates sometimes assumed a "special" status between opposite-sex peers who spent a lot of time together.

This illustrates how children actively negotiate whether a closeness counts as "just friends" or something more — they are aware of, and reasoning about, a distinct relational category well before puberty, even while resisting labels imposed by peers or adults.

Meaning & Common Expressions

- Early forms of romantic experience that appear before puberty, roughly between 6–9 years of age.
- Children may talk about a "special" friend who matters more to them, or describe "liking someone" or being "in love."
- These are usually verbal and emotional expressions, not physical or sexual ones.
- Adults often dismiss this language as childish mimicry — but for the child it reflects a genuine, if immature, relational experience.

Distinguishing These Feelings From Friendship

- Children actively draw their own line between an ordinary friend and someone who might be a "boyfriend" or "girlfriend."
- Even when day-to-day behaviour looks similar, children are often deliberate about the label they choose.

SOURCES :

1. Martinson, F. M. (1976). Eroticism in Infancy and Childhood. *Journal of Sex Research*, 12(4), 251–262.
2. Ajlouni, H. K., Daoud, A. S., Ajlouni, S. F., & Ajlouni, K. M. (2010). Infantile and early childhood masturbation: Sex hormones and clinical profile. *Annals of Saudi Medicine*, 30(6), 471–474.

2. शुरुआती रोमांटिक भावनाएँ (Proto-romantic Feelings)

सामान्य दोस्त
साथ में खेलना/बात करना; कोई खास नाम या पहचान नहीं दी जाती।

vs

"खास" दोस्त
का नाम दिया जाता है / खास पहचान दी जाती है; भावनात्मक महत्व होता है।

Case Example

बच्चों के साथ कक्षा में किए गए शोध में, एक लड़की ने अपने एक लड़के सहपाठी के बारे में बताया, जिससे वह नियमित रूप से बात करती थी। लेकिन उसने यह स्पष्ट करना ज़रूरी समझा कि वह सिर्फ़ उसका दोस्त था, बॉयफ्रेंड नहीं। साथ ही, उसे यह भी पता था कि जब लड़का और लड़की सहपाठी एक-दूसरे के साथ बहुत समय बिताते हैं, तो उनके सहपाठी अक्सर उनके बीच एक "खास" रिश्ता मान लेते हैं।

यह दिखाता है कि बच्चे खुद यह समझने और तय करने की कोशिश करते हैं कि किसी की नज़दीकी को "सिर्फ़ दोस्ती" माना जाए या उससे कुछ अलग। यानी, किशोरावस्था और यौवन से पहले ही बच्चे रिश्तों की अलग-अलग श्रेणियों को समझने और उनके बारे में सोचने में सक्षम होते हैं, भले ही वे अपने ऊपर साथियों या बड़ों द्वारा लगाए गए लेबल को स्वीकार न करें।

अर्थ और आम तौर पर व्यक्त किए जाने वाले रूप

- रोमांटिक भावनाओं के शुरुआती रूप, जो यौवनारंभ (puberty) से पहले, लगभग 6-9 वर्ष की उम्र में दिखाई दे सकते हैं।
- बच्चे किसी ऐसे "खास दोस्त" के बारे में बात कर सकते हैं जो उनके लिए दूसरों से अधिक महत्वपूर्ण हो, या कह सकते हैं कि वे किसी को "पसंद करते हैं" या "प्यार करते हैं।"
- ये भावनाएँ आमतौर पर बातचीत और भावनात्मक जुड़ाव के रूप में व्यक्त होती हैं, न कि शारीरिक या यौन रूप में।
- बड़े अक्सर इस तरह की बातों को बच्चों की नकल या बचकानी बातें समझकर खारिज कर देते हैं। लेकिन बच्चे के लिए यह एक वास्तविक, भले ही उम्र के अनुरूप अभी अपरिपक्व, भावनात्मक और संबंधपरक अनुभव हो सकता है।

इन भावनाओं और दोस्ती के बीच अंतर

- बच्चे खुद यह अंतर समझते और तय करते हैं कि कोई सामान्य दोस्त है या ऐसा व्यक्ति जिसे वे "बॉयफ्रेंड" या "गर्लफ्रेंड" कह सकते हैं।
- रोज़मर्रा का व्यवहार एक जैसा दिखने के बावजूद, बच्चे अक्सर यह सोच-समझकर तय करते हैं कि वे किसी रिश्ते को किस नाम या पहचान से बुलाना चाहते हैं।

SOURCES :

1. Martinson, F. M. (1976). Eroticism in Infancy and Childhood. *Journal of Sex Research*, 12(4), 251–262.
2. Ajlouni, H. K., Daoud, A. S., Ajlouni, S. F., & Ajlouni, K. M. (2010). Infantile and early childhood masturbation: Sex hormones and clinical profile. *Annals of Saudi Medicine*, 30(6), 471–474.

3. Proto-sexual Feelings

SOURCES :
1. Graaf, H., & Rademakers, J. (2006). *Journal of Psychology & Human Sexuality*, 18(1), 1–21.
2. Davies, S. L., Glaser, D., & Kussoff, R. (2000). *Child Abuse & Neglect*, 24(10), 1329–1343.
3. Ben-Mocha, Y. (2020). Why do humans hide sex? Testing modern human hunter-gatherers as a model for the evolution of human mating systems. *Proceedings of the Royal Society B*.
4. Dixson, A. F. (2012). *Primate Sexuality: Comparative Studies of the Prosimians, Monkeys, Apes, and Human Beings*. Oxford University Press.

Self-soothing touch

Socio-sexual play with peers

Privacy-seeking (begins 3–4 yrs)

Language from peers/media

Meaning & Developmental Context

- Early bodily or physical responses that resemble aspects of adult sexuality, but occur without sexual fantasy, intent, or conscious desire for sex with another person.
- Part of a continuous process beginning in the womb (e.g., in-utero erections in male fetuses) and continuing as the brain and body develop together.
- Because a child's genitals share the same nerve and blood supply as an adult's, touch can be pleasurable : a physical reflex, not evidence of adult-type sexual desire.

How These Feelings May Be Experienced or Expressed

- Self-touching for comfort/pleasure : privacy-seeking can start as early as 3–4 yrs, more consistent by 6–7 yrs. Likely reflects an innate, near-universal human drive (Malinowski; Ben-Mocha, 2020).
- Socio-sexual play (e.g., "playing doctor") with same-age peers : spontaneous, mutual, light-hearted. **Comparable play seen across primates** (Dixson, 2012).
- Occasional use of slang or "dirty" words for genitals, usually picked up from siblings, peers or media : **reflects social exposure, not deviance**.

3. शुरुआती रोमांटिक भावनाएँ

SOURCES :

1. Graaf, H., & Rademakers, J. (2006). *Journal of Psychology & Human Sexuality*, 18(1), 1–21.

2. Davies, S. L., Glaser, D., & Kussoff, R. (2000). *Child Abuse & Neglect*, 24(10), 1329–1343.

3. Ben-Mocha, Y. (2020). Why do humans hide sex? Testing modern human hunter-gatherers as a model for the evolution of human mating systems. *Proceedings of the Royal Society B*.

4. Dixson, A. F. (2012). *Primate Sexuality: Comparative Studies of the Prosimians, Monkeys, Apes, and Human Beings*. Oxford University Press.

खुद को शांत करने के लिए स्पर्श

सामाजिक -यौन खेल साथियों के साथ

निजता (प्राइवेसी) की इच्छा (3-4 वर्ष से शुरुआत)

लोगों साथियों /मीडिया से सीखी गई भाषा

अर्थ और विकासात्मक संदर्भ (Developmental Context)

- शरीर से जुड़ी शुरुआती शारीरिक प्रतिक्रियाएँ, जो वयस्कों में दिखाई देने वाली कुछ यौन प्रतिक्रियाओं जैसी हो सकती हैं, लेकिन इनमें यौन कल्पना, इरादा या किसी दूसरे व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाने की इच्छा शामिल नहीं होती।
- यह एक निरंतर विकास प्रक्रिया का हिस्सा है, जो गर्भ में ही शुरू हो जाती है, जैसे पुरुष भ्रूण में गर्भ के दौरान लिंग स्तंभित (erection) होना और बच्चे के मस्तिष्क व शरीर के साथ-साथ विकसित होती रहती है।
- बच्चे के जननांगों में भी वयस्कों की तरह तंत्रिकाएँ (nerves) और रक्त आपूर्ति (blood supply) होती हैं, इसलिए स्पर्श सुखद महसूस हो सकता है। यह एक शारीरिक प्रतिक्रिया (physical reflex) है, न कि वयस्कों जैसी यौन इच्छा का प्रमाण।

इन भावनाओं का अनुभव और अभिव्यक्ति कैसे हो सकती है

- खुद को सुकून या अच्छा महसूस कराने के लिए शरीर/जननांगों को छूना 3-4 वर्ष की उम्र से बच्चे इस तरह के व्यवहार के लिए निजी जगह तलाशना शुरू कर सकते हैं; 6-7 वर्ष की उम्र तक यह अधिक नियमित रूप से दिखाई दे सकता है। यह संभवतः मनुष्यों में स्वाभाविक और लगभग सार्वभौमिक प्रवृत्ति का हिस्सा है (Malinowski; Ben-Mocha, 2020)।
- साथियों के साथ सामाजिक-यौन खेल (जैसे "डॉक्टर-डॉक्टर खेलना") आमतौर पर हमउम्र बच्चों के बीच स्वाभाविक, आपसी सहमति वाला और खेल-खेल में होता है। इसी तरह का खेल अन्य प्राइमेट्स में भी देखा गया है (Dixson, 2012)।
- कभी-कभी जननांगों के लिए स्लैंग या "गंदे" शब्दों का इस्तेमाल - ये शब्द अक्सर भाई-बहनों, साथियों या मीडिया से सीखे जाते हैं। यह बच्चों के सामाजिक संपर्क और उनके आसपास के वातावरण को दर्शाता है, किसी असामान्य या गलत व्यवहार का संकेत नहीं है।

3. Proto-sexual Feelings

- Touch to the genitals is physiologically distinct from touch elsewhere on the body : it can build to orgasm, which touch to, say, a thumb or hand cannot. This is because genital tissue has a dedicated nerve or blood supply built for that response from birth.
- Even infants around 6 months old have been documented reaching orgasm through genital touching, since the organs and their neural connections are functionally in place from birth (Ajlouni et al., 2010).
- One evolutionary explanation: reproduction carries real risks (infection, provoking jealousy or conflict within the group), yet it's essential for species survival rather than individual survival : so nature likely made the sensation strongly pleasurable to ensure it reliably happens despite those risks.

SOURCES :

1. Martinson, F. M. (1976). Eroticism in Infancy and Childhood. *Journal of Sex Research*, 12(4), 251–262.
2. Ajlouni, H. K., Daoud, A. S., Ajlouni, S. F., & Ajlouni, K. M. (2010). Infantile and early childhood masturbation: Sex hormones and clinical profile. *Annals of Saudi Medicine*, 30(6), 471–474.

3. शुरुआती रोमांटिक भावनाएँ (Proto-romantic Feelings)

- जननांगों को छूने पर होने वाली शारीरिक प्रतिक्रिया, शरीर के अन्य हिस्सों को छूने से अलग होती है। यह स्पर्श चरम सुख (orgasm) तक पहुँच सकता है, जबकि अंगूठे या हाथ जैसे शरीर के अन्य हिस्सों को छूने से ऐसी प्रतिक्रिया नहीं होती। इसका कारण यह है कि जन्म से ही जननांगों में इस तरह की संवेदनाओं से जुड़ी विशेष तंत्रिका और रक्त आपूर्ति मौजूद होती है।
- लगभग 6 महीने की उम्र के शिशुओं में भी जननांगों को छूने के दौरान चरम सुख जैसी शारीरिक प्रतिक्रिया देखी गई है, क्योंकि संबंधित अंग और उनकी तंत्रिका-संयोजन (neural connections) जन्म से ही कार्यात्मक रूप से मौजूद होते हैं (Ajlouni et al., 2010)।
- क्रम विकास दृष्टिकोण से एक व्याख्या: प्रजनन से संक्रमण, चोट या समूह के भीतर ईर्ष्या/संघर्ष जैसे जोखिम जुड़े हो सकते हैं। फिर भी यह प्रजाति के अस्तित्व के लिए आवश्यक है । इसलिए, यौन संवेदनाओं का सुखद होना संभवतः लैंगिक क्रिया और उससे जुड़े व्यवहार को स्वाभाविक रूप से प्रोत्साहित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

SOURCES :

1. Martinson, F. M. (1976). Eroticism in Infancy and Childhood. *Journal of Sex Research*, 12(4), 251–262.
2. Ajlouni, H. K., Daoud, A. S., Ajlouni, S. F., & Ajlouni, K. M. (2010). Infantile and early childhood masturbation: Sex hormones and clinical profile. *Annals of Saudi Medicine*, 30(6), 471–474.

4. Prepubertal Attraction

Components of Attraction (interrelated, not fixed)

Self-identification – Sexual behaviour – Romantic attraction – Sexual attraction

Can shift and be re-discovered across the lifespan

What Research Tells Us

- Attraction is made up of related but distinct components which can develop at different paces (see diagram above).
- Self-identification with a particular sexual orientation typically does not occur until adolescence or early adulthood, even though early attractions may appear sooner.
- A child's gender identity is usually already forming by 2–3 years, and interacts with how early attraction is experienced.

Children's Descriptions & Developmental Variation

- Children describe early attraction in their own vocabulary : a "special friend," "liking someone," or being "in love."
- Not every child notices or expresses these feelings at the same age; development includes spurts and plateaus, not a fixed timeline.
- Research on attraction and identity development among intersex and gender-diverse children remains limited.
- Caregiver role: normalize curiosity without shaming, and avoid reading adult-type intent into a child's words.

4. यौवनारंभ से पहले आकर्षण (Prepubertal Attraction)

आकर्षण के विभिन्न पहलू (आपस में जुड़े हुए, निश्चित नहीं)

स्वयं की पहचान – – यौन व्यवहार – – रोमांटिक आकर्षण – – यौन आकर्षण

जीवन के अलग-अलग पड़ावों पर बदल और फिर से समझी जा सकती हैं।

शोध से हमें क्या पता चलता है

- आकर्षण के अलग-अलग लेकिन आपस में जुड़े पहलू होते हैं, जो हर व्यक्ति में अलग-अलग गति से विकसित हो सकते हैं (ऊपर दिए गए चित्र को देखें)।
- किसी विशेष यौन अभिविन्यास (sexual orientation) के साथ अपनी पहचान जोड़ना आमतौर पर किशोरावस्था या शुरुआती वयस्कता तक होता है, भले ही आकर्षण की शुरुआती भावनाएँ इससे पहले महसूस हो सकती हैं।
- बच्चे की लैंगिक पहचान (gender identity) आमतौर पर 2-3 वर्ष की उम्र में विकसित होना शुरू हो जाती है और यह इस बात को प्रभावित कर सकती है कि बच्चा शुरुआती आकर्षण को कैसे अनुभव करता है।

बच्चों की अभिव्यक्तियाँ और विकास में विविधता

- बच्चे शुरुआती आकर्षण को अपनी भाषा में व्यक्त करते हैं : जैसे किसी को "खास दोस्त" कहना, किसी को "पसंद करना" या "किसी से प्यार होना"।
- हर बच्चा इन भावनाओं को एक ही उम्र में महसूस या व्यक्त नहीं करता। विकास में कभी तेज़ बदलाव आते हैं और कभी कुछ समय तक कोई खास बदलाव दिखाई नहीं देता; यह कोई तय समय-सीमा के अनुसार नहीं होता।
- इंटरसेक्स और जेंडर-विविध बच्चों में आकर्षण और पहचान के विकास को लेकर अभी भी शोध सीमित है।
- देखभाल करने वालों की भूमिका: बच्चों की जिज्ञासा को बिना शर्मिंदा किए सहज रूप से स्वीकार करें और उनकी बातों में वयस्कों जैसी यौन मंशा न जोड़ें।

KEY TAKEAWAYS Prepubertal Attraction

I. **Prepubertal sexuality is normal, gradual, and developmentally distinct from adult sexuality : curiosity and self-exploration are not signs of precocity or concern.**

II. **Children actively construct their own understanding of affection, "special" relationships, and bodily boundaries well before puberty.**

III. **Adults' role is to normalize without over-interpreting: neither shame natural curiosity nor project adult-type sexual or romantic intent onto children's words and play.**

IV. **Recognizing what's developmentally typical helps adults distinguish normal exploratory behavior from behavior that may need closer attention or support.**

SOURCES :

1. Steensma, T. D., McGuire, J. K., Kreukels, B. P., Beekman, A. J., & Cohen-Kettenis, P. T. (2013). Factors associated with desistence and persistence of childhood gender dysphoria. *Journal of the American Academy of Child and Adolescent Psychiatry*, 52(6), 582–590.

2. Dessens, A. B., Slijper, F. M., & Drop, S. L. (2005). Gender dysphoria and gender change in chromosomal females with congenital adrenal hyperplasia. *Archives of Sexual Behavior*, 34(4), 389–397.

मुख्य बातें: यौवनारंभ से पहले का आकर्षण

I. यौवनारंभ से पहले की कामुकता (prepubertal sexuality) सामान्य, क्रमिक और वयस्क कामुकता से अलग होती है, जिज्ञासा और अपने शरीर को समझना किसी असामयिक विकास या चिंता का संकेत नहीं है।

II. बच्चे यौवनारंभ से पहले ही स्नेह, "खास" रिश्तों और शारीरिक सीमाओं को लेकर अपनी समझ विकसित करते हैं।

III. बड़ों की भूमिका है सामान्य जिज्ञासा को सहज रूप से स्वीकार करना, उसकी अतिव्याख्या न करना, न तो बच्चों की स्वाभाविक जिज्ञासा के लिए उन्हें शर्मिंदा करें और न ही उनकी बातों या खेल में वयस्कों जैसी यौन या रोमांटिक मंशा देखें।

IV. उम्र के अनुसार सामान्य व्यवहार को समझना ज़रूरी है, ताकि वयस्क सामान्य खोजबीन और ऐसे व्यवहार के बीच अंतर कर सकें, जिस पर अधिक ध्यान, समझ या सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

SOURCES :

1. Steensma, T. D., McGuire, J. K., Kreukels, B. P., Beekman, A. J., & Cohen-Kettenis, P. T. (2013). Factors associated with desistence and persistence of childhood gender dysphoria. *Journal of the American Academy of Child and Adolescent Psychiatry*, 52(6), 582–590.

2. Dessens, A. B., Slijper, F. M., & Drop, S. L. (2005). Gender dysphoria and gender change in chromosomal females with congenital adrenal hyperplasia. *Archives of Sexual Behavior*, 34(4), 389–397.

Thank you

Add endnote here

For more resources and information about our work:

Visit our Website: https://enfoldindia.org

Instagram: **@enfoldindia**

Facebook: **Enfold India**

X: **@enfoldindia**

Youtube: **@enfoldindia**

enfold